न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या :– 40/2022 तारीख 24.3.2022

जगदीशचन्द्र पुत्र जीतमल जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी बेरीसाल तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0)

...........प्रार्थी

बनाम

01. नाराण पुत्र नन्दा जाति अहीर उम्र वयस्क निवासी झाडोली तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0)
02. रेशम पत्नि सुरजमल जाति बंजारा उम्र वयस्क निवासी जलेरी तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0)
03. सजना पत्नि रोडूलाल जाति बंजारा उम्र वयस्क निवासी जलेरी तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0)
04. गोपाल पुत्र हीरा जाति अहीर उम्र वयस्क निवासी झाडोली तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0)
05. दाखी पत्नि उमांशकर जाति बंजारा उम्र वयस्क निवासी जलेरी तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0)

............विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 – 128 रा0ले0रे0एक्ट

–: आदेश :– दिनांकः

प्रार्थना पत्र मैं जगदीशचन्द्र पुत्र जीतमल जाति धाकड उम्र वयस्क निवासी बेरीसाल तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0) ने जरिये अभिभाषक **श्री रामफूल धाकड एडवोकेट** प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते भूमि **मौजा रामपुरिया उर्फ चौपडा पटवार हल्का आरोली तहसील बिजौलियाँ की सरहद में खाता संख्या 29 पर अंकित आराजी संख्या 143 रकबा 1.1817 हैक्टेयर, आराजी संख्या 162/49 रकबा 1.3274 हैक्टेयर कुल किता 02 रकबा 2.5091 हैक्टेयर भूमि एवं खाता संख्या 50 पर अंकित आराजी संख्या 144/135 रकबा 1.0684 हैक्टेयर, आराजी संख्या 149/122 रकबा 0.2185 हैक्टेयर, आराजी संख्या 161/149 रकबा 0.3642 हैक्टेयर कुल किता 03 रकबा 1.6511 हैक्टेयर भूमि** पर विपक्षीगण आये दिन सीमा विवाद को लेकर झगडा करते है। अतः पत्थरगढ़ी का आदेश प्रदान कराया जावें साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथपत्र संलग्न है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया। प्रस्तुत पत्रावली पर विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गई और पत्रावली का अवलोकन किया गया।

पत्रावली में संलग्न जमाबन्दी सम्वत 2074–2077 के अवलोकन से प्रार्थी वादग्रस्त आराजीयात की खातेदार काश्तकार है। पड़ौसियान के विवाद करने बाबत् शपथपत्र संलग्न है। पत्थरगढ़ी से किसी के स्वत्व पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। भू–अभिलेख निरीक्षक **सलावटिया** को पत्थरगढ़ी बाबत् कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। कमीश्नर फीस 500/– रूपयें तय की जाती है वक्त मौका प्रार्थी अदा करें।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान लेण्ड रेवेन्यु एक्ट स्वीकार किया जाकर **मौजा रामपुरिया उर्फ चौपडा पटवार हल्का आरोली तहसील बिजौलियाँ की सरहद में खाता संख्या 29 पर अंकित आराजी संख्या 143 रकबा 1.1817 हैक्टेयर, आराजी संख्या 162/49 रकबा 1.3274 हैक्टेयर कुल किता 02 रकबा 2.5091 हैक्टेयर भूमि एवं खाता संख्या 50 पर अंकित आराजी संख्या 144/135 रकबा 1.0684 हैक्टेयर, आराजी संख्या 149/122 रकबा 0.2185 हैक्टेयर, आराजी संख्या 161/149 रकबा 0.3642 हैक्टेयर कुल किता 03 रकबा 1.6511 हैक्टेयर भूमि** बशामलात पड़ौसियान के पत्थरगढ़ी करने हेतु आदेशित किया जाता है एवं पत्थरगढ़ी शुल्क राशि 100/– रूपये राजकोष में जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियाँ को लिखा जावें।

प्रार्थना पत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हो।

आदेश सुनाया गया

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलिया